## सार-समाचार

### बैठक में सांसद के खिलाफ नारेबाजी

**करौली**, (निसं)। करौली में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में हंगामा हो गया। गुरुवार को हुई इस बैठक में करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव के खिलाफ नारेबाजी की गई। उन्होंने बताया कि यह घटना एआईसीसी पर्यवेक्षक नदीम जावेद की मौजूदगी में हुई, जिससे पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। सांसद जाटव के संबोधन शुरू करते ही विरोधी गुटों ने 'मुर्दाबाद' के नारे लगाए। इसके जवाब में समर्थक गुट 'जिंदाबाद' के नारे लगाने लगा। हॉल में कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। स्थिति बिगड़ती देख मंचासीन नेताओं ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। बाद में सांसद भजनलाल ने अपना वक्तव्य पूरा किया। यह बैठक करौली में एक मैरिज गार्डन में आयोजित की गई थी। इसमें एआईसीसी ऑब्जर्वर नदीम जावेद के साथ पूर्व मंत्री रमेश मीणा, सांसद भजनलाल जाटव, अजीत यादव, पूर्व विधायक लाखन सिंह, हिंडौन विधायक अनिता जाटव, टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर, बावनवास विधायक इंदिरा मीणा, पूर्व विधायक पीआर मीणा और जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा सहित बड़ी संख्या में कांठोस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने अपने संबोधन में कांठोस की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता सबसे बड़ी जरूरत है। जावेद ने बताया कि जिला अध्यक्ष सहित संगठन के पदाधिकारियों के चयन के लिए रायशुमारी की जा रही है। उन्होंने जिला अध्यक्ष के लिए सक्रियता, निष्पक्षता और पार्टी के प्रति वफादारी को मुख्य मानदंड बताया। बैठक के बाद जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपने समर्थकों के साथ पर्यवेक्षक से मुलाकात की। उन्होंने अपने बायोडाटा सौंपे और अपना पक्ष रखा। इस दौरान कई पूर्व जिला अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### 100 साल पुराना अतिक्रमण हटाया

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। टोकसी गांव में राजस्व विभाग ने गुरुवार को लगभग 100 साल पुराने अतिक्रमण को हटाने की बड़ी कार्रवाई की। यह अतिक्रमण एक गैर-मुमकिन रास्ते पर था, जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज था लेकिन कभी वास्तविक रूप से अस्तित्व में नहीं रहा। तहसीलदार अजय सिंह मीना, गिरदावर धर्मेंद्र और पटवारी पवन की मौजूदगी में राजस्व टीम ने सुबह मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। खसरा नंबर 1648, 1651 और 1652 में दर्ज इस भूमि पर वर्षों से कब्जा था। टीम ने ग्रामीणों की उपस्थिति में करीब 1.5 किलोमीटर लंबे रास्ते को जेसीबी मशीन से साफ करवाया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त रखी गई। तहसील प्रशासन के अनुसार, यह भूमि राजस्व अभिलेखों में गैर-मुमकिन रास्ता दर्ज थी, लेकिन लंबे समय से इस पर निर्माण कर कब्जा किया गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने सीमांकन करवाकर यह कार्रवाई करने का निर्णय लिया था। गुरुवार को की गई इस कार्रवाई के बाद रास्ता पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को रोकने के लिए बिना भेदभाव के कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की, जिससे आवाजाही और सीमा विवाद की समस्या समाप्त हो गई है।

### ट्रांसफॉर्मर से तेल व तांबा चोरी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। समीपवर्ती जाट बड़ौदा गांव में बुधवार रात चोर एक ट्रांसफॉर्मर से तेल और तांबा चुराकर ले गए। इस घटना से गांव की बैरवा बस्ती में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। उपसरपंच जमनालाल बैरवा ने बताया कि ग्राम पंचायत की बैरवा बस्ती के पास लगा 10 केवी का ट्रांसफॉर्मर चोरों ने खंभे से नीचे उतार लिया। इसके बाद ट्रांसफॉर्मर को खोलकर उसमें से तेल और तांबा चुराकर लिए गए। इस ट्रांसफॉर्मर से गांव के गिरधरसिंह जाट, बलदेवसिंह जाट, बच्चूसिंह सहित करीब एक दर्जन कनेक्शन जुड़े थे। चोरी की वारदात का पता अगले दिन सुबह चला, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर लाइनमैन और पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों ने चोरी की इस घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी बदमाशों ने यहां एक महिला के पैर काटकर चांदी के कड़े चुरा लिए थे। ग्रामीणों ने गांव में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### शिक्षक संघ अम्बेडकर की बैठक संपन्न

**करौली**, (निसं)। बुधवार को राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर करौली की बैठक जिलाध्यक्ष विष्णु मण्डल की अध्यक्षता में अम्बेडकर नगर में संपन्न हुई। प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि बैठक में सदस्यता अभियान, जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन समीक्षा एवं आगामी नवंबर माह में प्रस्तावित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं शिक्षकों की वेतन विसंगति,पदोन्नित,स्थानांतरण आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया प्राचार्य शैलेन्द्र बागौरिया ने कहा कि शिक्षको को विद्यालय और परिवेश (समाज) में उच्च आदर्श प्रतिस्थापित करने है हमे एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करना है घनश्याम मीना प्राचार्य ने कहा कि बदलते परिवेश में हमें अधिक सजग रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए,प्रदेश उपाध्यक्ष अमृत लाल छाबड़ा ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि करौली जिले में प्रत्येक ब्लॉक पर हमारी टीम है जो स्थानीय स्तर पर शिक्षक हित में कार्य कर रही है,पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैंन एपीजे अब्दुल कलाम को उनके जन्म दिन पर याद करते हुए उनकी कार्य प्रणाली की प्रशंसा की तथा एक दूसरे को दीपावली की अठिाम शुभकामनाएं दी बैठक में प्राचार्य घनश्याम जाटव,भूरसिंह मीना,गिर्राज मीना व्याख्याता, गंगाराम प्रजापत प्रवक्ता,विष्णु मण्डल अध्यक्ष, अमृत लाल छाबड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष,रामस्वरूप जाटव,कैलाश मीना, माली आदि उपस्थित रहे।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**भरतपुर**, (निसं)। महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयी छात्र/छात्रा मुक्केबाजी प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल रतनसिंह बॉयज पीजी कालेज, कुम्हेर में सम्पन्न हुई। कालेज चेयरमैन हरिओम फौजदार ने बताया कि छात्र वर्ग में 50 कि.ठाा में ध्रुव गौड, 55 कि.ठाा भार वर्ग में अभिषेक सिंह, 60 कि.ठाा. में मोहित कुमार स्वामी, 65 कि.ठाा. में बृजमोहन, 70 कि.ठाा में गौरव शर्मा, 75 कि.ठाा में नितिन सोलंकी, 80 कि.ठाा में तुषार फौजदार, 85 कि.ठाा. में पुष्कर, 90 कि.ठाा. में नरेश चौहान और 90 से अधिक भार वर्ग में अजय फौजदार का चयन किया गया। छात्रा वर्ग में 48 कि.ठाा भार वर्ग में खुशबू, 51 कि.ठाा. में प्रिया, 54 कि.ठाा. में पूनम, 57 कि.ठाा. में पूजा, 60 कि.ठाा में सुधा, 65 कि.ठाा में शालिनी, 70 कि.ठाा में मोहिनी, 75 कि.ठाा में सुनीता का चयन हुआ। ये सभी चयनित छात्र/छात्रा आगामी दिसम्बर माह में प्रशिक्षण शिविर पश्चात आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष भगतसिंह सूरौता, मुख्य अतिथि बॉम्ब मेम्बर सुरेन्द्र सिंह सिनसिनवार रहे। विश्वविद्यालय की ओर से पर्यवेक्षक डॉ. संदीप देशवाल एवं एनआईएस बॉक्सिंग कोच मनीषा चाहर एवं निर्णायक मण्डल में राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन के तकनीकी अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा, ललित राजपूत, विजय टॉक, रविन्द्र जादौन, योगेन्द्र सिंह, विक्रम देशवाल रहे।

### सीपीआर प्रशिक्षण दिया

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत स्थानीय निर्मल फार्मेसी कॉलेज में जिला चिकित्सालय हिण्डौन सिटी की टीम ने प्रशिक्षणार्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान दुर्घटना या हार्ट अटैक जैसी आकस्मिक स्थिति में समय रहते जीवन बचाने के उपाय बताए गए। नर्सिंग अधीक्षक जयसिंह मीना ने प्रशिक्षणार्थियों को सीपीआर का महत्व बताया और डमी के माध्यम से प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के मेडिकल कैम्पस प्रभारी विष्णु शर्मा, प्राचार्य सत्येन्द्र शर्मा सहित विभिन्न सत्रों के लगभग 120 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंकज शर्मा, देशराज, मुकुल सोनी, टिंकू चौधरी, सुरेन्द्र कटारिया, राहुल शर्मा, उपासना बैनीवाल, मुकेश कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### टंकण परीक्षा में 6 परीक्षार्थी उत्तीर्ण

**करौली**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि करौली जिले मे पदस्थापित अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों, जिनकी सेवा अवधि को तीन वर्ष पूर्ण नही हुए थे की टंकण परीक्षा 14 अक्टूबर को आयोजित की गई थी। उन्होने बताया कि उक्त टंकण परीक्षा मे कुल 6 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे।

# करौली में जिला स्पेशल टीम ने पकड़ा 13.50 क्विंटल सिंथेटिक मावा

**करौली**, (निसं)। पुलिस टीम द्वारा मासलपुर नाका चुंगी से हिंडौन रोड की तरफ जा रही एक पिकअप को रोककर कार्रवाई करते हुए 1350 क्विंटल सिंथेटिक मावा जप्त किया गया जिला मुख्यालय पर दीपावली के त्योहार से पूर्व एक कहावत सूनी भेड गंगा जी नहाय खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी से यहां के मिठाई विक्रेताओं पर खरी उतरती देखी जा रही है।

उन्होने बताया कि दीपावली के त्योहार को लेकर जिला मुख्यालय स्थित बाजार में मिठाई विक्रेताओं के कारोबार दीपावली त्योहार के 5 दिन पूर्व से ही घटिया सामग्री से विभिन्न प्रकार के पकवान बनाने का कारोबार जोरों पर चलता देखा जा रहा है जिन विभिन्न प्रकार के पकवानों की मिठाई विक्रेताओं द्वारा दीपावली त्यौहार के 2 दिन पूर्व से ही अपने अपने प्रतिष्ठानों को सजाकर धड़ल्ले से घटिया सामठाी से निर्मित पकवानों की महंगी दावों में खुलेआम बेचा जाएगा और बेचा भी जा रहा है गंभीर जनक बात यह है कि करौली जिला मुख्यालय पर धौलपुर ग्वालियर से रोडवेज बसों के अलावा अन्य वाहनों से बड़ी खेपों में सिंथेटिक मावा सिंथेटिक पनीर आदि की सप्लाई पिछले लंबे समय से आई देखी जा रही है लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग ना तो सिंथेटिक मावे और सिंथेटिक पनीर की सप्लाई को रोकने पर अंकुश लगा पा रहा है ना ही जिला मुख्यालय स्थित बाजार में मिठाइयों की बड़ी-बड़ी दुकानों पर धडल्ले से बिक रही घटिया सामठाी से निर्मित मिठाइयां जिनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है इन दिनों दीपावली के त्यौहार को लेकर जिला मुख्यालय बाजार में मिठाई दुकानदारों के यहां बाहर से सिंथेटिक मावा और पनीर की सप्लाई आने की खूब चर्चा भी है जिनके द्वारा दीपावली के त्योहार पर खुलेआम आम जन को महंगे दामों में जहर बेचा जावेगा क्योंकि यहां के मिठाई मिठाई दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा विभाग का किसी प्रकार का भय नहीं है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की मिली भगत से ही आम जन को त्योहार के अवसर पर खुलेआम जहर बेचा जाएगा।

यहां जिला मुख्यालय पर एक कहावत सूनी भेड गंगा जी नहाय यूं स्पष्ट में चरितार्थ होती देखी जा रही है की गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के स्थान पर पुलिस प्रशासन ने बड़ी मात्रा में सिंथेटिक मावा जप्त किया है साथ ही सिंथेटिक मावा की सप्लाई के उपयोग में लिए जा रहे बाहन को भी पुलिस ने जप्त किया है तो इससे स्पष्ट जहर हो रहा है अभी खाद्य सुरक्षा विभाग को जो कार्य करना था वह पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया है इस मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सिंथेटिक मावा की सप्लाई की कानों कान हवा भी नहीं थी पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में पुलिस की डिस्ट टीम के प्रभारी परमजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मासलपुर नाका चुंगी से हिंडौन रोड की तरफ जा रही एक पिकअप को रोककर यह कार्रवाई करते हुए 1350 क्विंटल सिंथेटिक मावा जप्त किया गया इस कार्रवाई की खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी को सूचना दी गई सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी विजय सिंह शाम के समय कोतवाली पहुंचे और सिंथेटिक मावे का नमूना लिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय सिंह ने कहा कि जांच में यह मावा खाने योग्य नहीं पाया गया है।

## गौमाता को गुड़ और फल खिलाए

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सर्व हिताय: सर्व सुखाय के तहत गुरूवार को गोपाल गौशाला में गौसेवा कर गौमाता को गुड और फल खिलाए।

इस अवसर पर भाजयुमो के जिला महामंत्री अतुल शर्मा ने बताया कि गौमाता से प्रदेश की खुशहाली की कामना के लिए भाजयुमो के जिलाध्यक्ष नागेश राज लोढ़ी के नेतृत्व गौसेवा कर गौमाता को गुड खिलाया गया।

प्रदेश में गौसेवक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार है इसलिए गौमाता से प्रार्थना की गई कि प्रदेश में जिस प्रकार से विकास की गंगा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बह रही है उसी प्रकार अनवरत चलती रहे और सभी प्रदेश वासी खुशी पूर्वक दीपावली मनाएं। हाल ही प्रदेश में हुई दुर्घटनाओं में हताहत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनिट का मौन रखकर गौमाता से प्रार्थना की कि ऐसी दुघटनाओं की पुनरावृति ना हो।

# सीमेंट-गिट्टी की जगह मिट्टी से पाटे सड़क के गड्ढे

- **विरोध करने पर संवेदक ने की अभद्रता, दुकानदारों ने एडीएम को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की**

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। नगर परिषद क्षेत्र में सीवरेज कार्य के कछुवा चाल से चलने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं कोढ में खाज का काम ठेकेदार एवं उसके आदमी कर रहे है जिससे आमजन का जीना दुश्वार हो रहा है। गुरूवार को सड़कों की खराब हालत को लेकर व्यापारियों और नगर परिषद के संवेदक के बीच विवाद हो गया।

सीवरेज कार्य के कारण खुदी सड़कों के गड्ढों को सीमेंट-गिट्टी से भरने के बजाय मिट्टी से पाटने का आरोप है। जब दुकानदारों ने इसका विरोध किया, तो संवेदक और उसके कर्मचारियों ने उनसे धक्का-मुक्की और अभद्रता की। इस मामले में दुकानदारों ने एडीएम सुदर्शनसिंह तोमर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। दुकानदार विकास, नटवर, पवन, मदनमोहन और विष्णु सहित अन्य ने बताया कि गुरुवार को कचहरी रोड पर क्षतिग्रस्त सड़क के गड्ढों को भरने के लिए नगर परिषद और संवेदक मिट्टी लेकर आ गए। दुकानदारों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि कुछ समय पहले गणेश विसर्जन शोभायात्रा के दौरान भी मरम्मत के नाम पर केवल मिट्टी डाली गई थी। दुकानदारों के अनुसार, पहले भी मिट्टी डालने के कारण उन्हें काफी परेशानी हुई थी। दिनभर सड़क पर वाहनों की आवाजाही से मिट्टी और धूल उड़ती रहती थी, जिससे व्यापार प्रभावित होता था। इस बार भी दुकानदारों ने मिट्टी डालने का विरोध किया, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। दुकानदारों का आरोप है कि विरोध करने पर संवेदक और उसके बेटे ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और अभद्र व्यवहार किया। दुकानदारों ने बताया कि दीवाली का त्योहार नजदीक है और धूल-मिट्टी से न केवल दुकानदार बल्कि आम जनता भी परेशान होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि समझाने के बावजूद संवेदक उन्हें धमकाने लगा। व्यापारियों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की सही तरीके से मरम्मत करवाने और अभद्रता करने वाले संवेदक व उसके बेटे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 'डिजिटल सुरक्षा के लिए सतर्कता व जागरूकता आवश्यक'

- **डॉ. दिनेश कुमार मीना ने कहा कि ऑनलाइन लेनदेन और ई-कॉमर्स के बढ़ने के साथ ऑनलाइन ठगी के मामले भी तेजी से बढ़े**
- **साइबर अपराध से बचाव पर व्याख्यान आयोजित**

**हिण्डौन सिटी**, (निसं) राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में विश्व साइबर सुरक्षा माह के तहत युवाओं में साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पप्पू राम कोली ने की। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीतेश जैन ने कहा कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही साइबर अपराधों में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे ओटीपी, पिन, पासवर्ड जैसी निजी जानकारियों को सुरक्षित रखें तथा अनजान कॉल या संदिग्ध लिंक से बचें।डॉ. श्रीनिवास गुर्जर ने कहा कि भारत इंटरनेट उपयोग में विश्व का तीसरा बड़ा देश है, ऐसे में साइबर हमले देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुरक्षा के लिए सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शालिनी गुप्ता ने छात्राओं को सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने की सलाह दी। वहीं डॉ. दिनेश कुमार मीना ने कहा कि ऑनलाइन लेनदेन और ई-कॉमर्स के बढ़ने के साथ ऑनलाइन ठगी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी और हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है। प्राचार्य प्रो. पप्पू राम कोली ने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया का उपयोग समझदारी से करना चाहिए और इंटरनेट को सकारात्मक दिशा में व्यक्तित्व विकास के साधन के रूप में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य यशस्वी मीना, राजकुमारी, उपमा मीणा, सुमित, डॉ. आशा राठौर सहित एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम अधिकारी शालिनी गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कचरे के ढेरों में लगी आग से फैला धुआं

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। कस्बा भुसावर में घरों पर सफाई करने आने वालों सहित आमजन की मनमानी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जहां कई लोगों द्वारा कचडे के ढेरों में आग लगा देने से पर्यावरण भी प्रदूषित होता नजर आ रहा है। ऐसा ही नजारा गुरूवार 16 अक्टूबर को कस्बे की कानूनगो कॉलोनी में देखने को मिला। जहां दीपावली के चलते घरों में हो रही सफाई के बाद लोगों द्वारा कचडे के ढेर चौराहे पर लगा दिये गये।

जहां कोई असामाजिक तत्व कचडे में आग लगा गया जिससे धूंआ वातावरण में फैल गया और लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। जिसकी सूचना मिलते ही नगरपालिका द्वारा सफाई कर्मियों को भेजकर तुरन्त कचडे के ढेर हटवाये जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

## मजिस्ट्रेट नियुक्त

**करौली**, (निसं)। जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया कि जिले मे 20 अक्टूबर को दीपावली, 22 अक्टूबर को गोर्वधन पूजा व 23 अक्टूबर को भाईदूज का त्योहार मनाया जायेगा। इस दौरान आतिशबाजी की जाती है साथ ही बाजारों मे अधिक भीड रहती है। इस संबंध मे उन्होने समस्त कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को अपने अपने उपखंड क्षेत्रों मे कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होने बताया कि समस्त तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने अपने उपखंड क्षेत्र के उपखंड मजिस्ट्रेट के निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे एवं समस्त उपखंड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार व नायब तहसीलदार बिना अनुमति के मुख्यालय नही छोडेंगे।

# स्काउट गाइड दल कर रहा ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**करौली**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में संचालित अंतर-जिला शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत भ्रमण दल ने राजसमंद, नाथद्वारा व उदयपुर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अध्ययनात्मक भ्रमण किया।

भ्रमण का प्रारंभ महाराजा राज सिंह पैनोरमा से हुआ जहाँ विद्यार्थियों ने मेवाड़ के वीर शासक महाराजा राज सिंह के योगदानों और हाडी रानी के बलिदान को जाना।दल प्रभारी मुकेश कुमार सारस्वत ने बताया कि महाराजा राज सिंह ने जनकल्याण, जलसंरक्षण और मातृभूमि की रक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।इसके बाद दल ने राजसमंद झील का भ्रमण किया जो महाराजा राज सिंह की दूरदर्शिता और स्थापत्य कला का अद्वितीय उदाहरण है। विद्यार्थियों ने झील की ऐतिहासिक महत्ता, शिलालेखों और जल प्रबंधन प्रणाली को समझा।अगले चरण में दल नाथद्वारा पहुँचा, जहाँ श्रीनाथजी मंदिर के दर्शन कर सभी ने आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। मंदिर की भव्यता और भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप के दर्शन से वातावरण भक्तिमय हो उठा।इसके पश्चात एकलिंगजी मंदिर के दर्शन किए गए, जो भगवान शिव को समर्पित तथा मेवाड़ के शासकों का कुलदेव स्थान है। विद्यार्थियों ने यहाँ की स्थापत्य कला व धार्मिक परंपराओं की जानकारी प्राप्त की।इसके उपरांत दल उदयपुर पहुँचा और सिटी पैलेस में मेवाड़ की राजसी विरासत, शस्त्रागार, कलाकृतियों व राजपरंपरा का अध्ययन किया। फिर पिछोला झील व फतह सागर झील के सुंदर दृश्यों ने मंत्रमुग्ध कर दिया।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्टीय की जिला बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने की।

बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश पर्यवेक्षक निधि छीपा, प्रदेश महिला मंत्री गीता जेलिया, संभाग संयुक्त महिला मंत्री तारा वर्मा और संभाग संगठन मंत्री कमलेश कुमार शर्मा सहित संगठन के संरक्षक, उपशाखा अध्यक्ष, मंत्री व पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की समीक्षा की गई। प्रदेश पर्यवेक्षक निधि छीपा ने राष्ट्रीय अधिवेशन, जामडोली (जयपुर) में पारित प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया। उन्होंने शिक्षकों से समाज में जनजागरण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर निधि छीपा ने बताया कि श्हमारा स्वाभिमान, हमारा स्कूलश कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। महिला मंत्री गीता जेलिया ने आगामी 16 नवंबर को होने वाले महिला शिक्षिका सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की और सभी उपशाखाओं को लक्ष्य आवंटित किए। इसके साथ ही, 21-22 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विभागीय कार्यवाह समय सिंह ने श्पंच परिवर्तनश विषय पर विस्तृत जानकारी दी और शिक्षकों से इसे समाज में लागू करने का आग्रह किया। बैठक में उपशाखा स्तर पर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, जिला कार्यकारिणी के रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से नियुक्तियां की गईं। नियुक्त किए गए पदाधिकारियों में जिला प्रवक्ता संजय शर्मा, महिला प्रवक्ता मीना शर्मा, मीडिया प्रभारी रामप्रसाद शर्मा, संगठन मंत्री मनीष शर्मा, बालकृष्ण महावर, श्यामलाल महावर, कार्यालय मंत्री जयप्रकाश गोस्वामी, सह कार्यालय मंत्री इकरामुद्दीन खान, पुरुषोत्तम शर्मा, संरक्षक बजरंग लाल गुर्जर और वरिष्ठ सलाहकार सत्यनारायण नागर चौथ का बरवाड़ा शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन की विभिन्न शाखाओं से लगभग 42 सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### काली दिवाली मनाने की दी चेतावनी

**भरतपुर**, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत द्वारा निरंतर धरने प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिए जाने के उपरांत भी राज्य सरकार द्वारा स्वयं की बजट घोषणा को लागू नहीं करने तथा कर्मचारियों की मांगों को की निरंतर उपेक्षा की जाने से किए जाने से आज अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ;एकीकृतद्ध के आव्हान पर राजधानी जयपुर सहित राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सरकार को कर्मचारियों द्वारा 20 अक्टूबर 2025 को विरोध स्वरूप काली दिवाली मनाने की चेतावनी दी। भरतपुर में यह ज्ञापन महासंघ के संरक्षक अवधेश शर्मा त्रिगुणायत ;पूण्वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारीद्ध के संरक्षण तथा जिलाध्यक्ष योगेश कुमार एवं जिला महामंत्री जल सिंह कुंतल के संयुक्त नेतृत्व में जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी को ज्ञापन दिया गया। कर्मचारी महासंघ ;एकीकृतद्ध के जिलाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट घोषणा 2025 . 26 में कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए कई घोषणाएं की थी लेकिन आज तक उनकी क्रियान्विति नहीं हुई है। इसके अलावा महासंघ के लंबित मांग पत्र 19 मई 2025 का भी कोई निराकरण नहीं किया है। सरकार ने हाल ही में वित्त विभाग के आदेश 9 अक्टूबर 2025 के द्वारा राज्य के सभी बोर्ड निगम राजकीय उपक्रमध् स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं विश्वविद्यालय में पुरानी पेंशन स्कीम को समाप्त कर करने के आदेश के प्रावधानों का कड़ा विरोध किया तथा आदेश को निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन देने वाले शिष्टमंडल में अवधेश शर्मा त्रिगुणायतए योगेश कुमारए जल सिंह कुंतलए विकास दीक्षितए भानूए खेम सिंहए नीरज इंदौलियाए उदय सिंहए विक्रम सिंहए दीपजीत आदि कर्मचारी नेता शामिल थे।

### दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। भारत विकास परिषद् द्वारा सत्र 2025 में होने वाले उत्सवों की श्रृंखला में परिषद् परिवार द्वारा कार्तिक माह कृष्ण पक्ष की नवमी को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय प्रेम गार्डन मैरिज होम में किया गया। सर्वप्रथम गायत्री अठावाल और वेदवती आर्य द्वारा सभी सदस्यों के द्वारा समस्त हिन्दू विधि विधान से दीपयज्ञ और दीपदान करवाया गया। अल्पाहार के पश्चात हिमानी जिंदल, गीता सिंघल, ज्योति मंगल और पुष्पा अठावाल द्वारा वन्देमातरम् गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के मध्य परिषद् सदस्य डॉ डी डी गोयल द्वारा लिखी गई आध्यात्मिक पुस्तक दाक्षायणी से दक्षिणावर्ती प्रिया के लिए परिषद् द्वारा सम्मान किया गया। इसी कड़ी में भरतपुर को पर्यावरण युक्त और डिस्पोजल मुक्त करने के अभियान को शुरू करने वाले परिषद् के पांच सदस्य रवि जिंदल, विशेष सिंघल, नीरज गुप्ता,प्रमोद गोयल और बृजेश अठावाल का भी सम्मान किया गया। जिन्होंने भरतपुर को प्लास्टिक डिस्पोजल से मुक्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के लिए निःशुल्क स्टील बर्तन उपलब्ध कराने हेतु बृज बर्तन बैंक की शुरुआत की है। समारोह का मुख्य आकर्षण बुराई पर अच्छाई की जीत द्वारा भगवान राम के रावण वध पश्चात श्रीराम के राजतिलक एवं राम दरबार रहा। जिसमें छोटे छोटे बच्चों द्वारा भगवान् राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण और पवनसुत हनुमान की प्रतिकृति बन प्रस्तुति दी गई। अंत में सचिव रवि जिंदल द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर राष्ट्रीय गान द्वारा कार्यक्रम को विराम दिया गया। सहभोज में बृज बर्तन बैंक द्वारा उपलब्ध स्टील बर्तनों में सभी सदस्यों ने भोजन कर लगभग 250 व्यक्तियों के भोजन में प्रयोग होने वाले प्लास्टिक डिस्पोजल को बचा कर भरतपुर शहर को डिस्पोजल मुक्त करने के अभियान को गति प्रदान की।

### सघन चेकिंग अभियान चलाया

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रेलवे स्टेशन पर बुधवार रात जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान दीपावली और छठ पूजा जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जीआरपी थाना प्रभारी उप निरीक्षक अशोक मीणा और आरपीएफ प्रभारी दलवीर सिंह ने किया। संयुक्त टीम ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और ट्रेनों में यात्रियों के सामान की गहन जांच की। अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली।टीम ने यात्रियों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जागरूकता भी बढ़ाई। यात्रियों को सलाह दी गई कि वे अपने सामान की स्वयं देखरेख करें और किसी अनजान व्यक्ति का सामान उठाने से बचें। साथ ही किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जानकारी तुरंत हेल्पलाइन नंबर 139, जीआरपी या आरपीएफ को देने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ा दी गई है। ट्रेनों में भी पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। जीआरपी और आरपीएफ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्टेशन क्षेत्र में नियमित चेकिंग जारी रहेगी और संदिग्ध गतिविधियों पर कडी नजर रखी जाएगी। पुलिस ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा सतर्कता ही सुरक्षा की कुंजी है।

### 41वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया गौरव

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। भुसावर कस्बे के प्रतिष्ठित पाण्डेय गंगाप्रसाद पाण्डेय परिवार की वधु डां. खुशबू पाण्डेय पत्नी डां. हर्ष पाण्डेय ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा 2023 में 41 वीं रैंक प्राप्त कर परिवार को गौरान्वित किया है। डॉक्टर खुशबू पांडे भारतीय सेवा में चिकित्साक के पद पर कार्यरत रही है। डॉक्टर खुशबू अपनी सफलता का श्रेय अपने पूर्वजों एवं परिजनों को देती हैं। इनका परिवार भुसावर कस्बे के सम्पूर्ण शिक्षित परिवारों में से एक है। पूर्व में दो राजस्थान प्रशासनिक अधिकारियों सहित इनके परिवार में भारतीय सेना के अधिकारी, डॉक्टर ,इंजीनियर, शिक्षाविद सहित इनके ससुर यादवेन्द्र पाण्डेय वायुसेना के अधिकरी एवं भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी रहे हैं। डॉ.खुशबू की सफलता पर शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक डॉ एमके शर्मा ,राष्ट्रीय अध्यक्ष रागिनी शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सेफ इंडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डे, रचना शर्मा राजकुमारी शर्मा, सुनीता शर्मा, डॉ एस एन लाहा, शिक्षाविद भूपेंद्र पाण्डे, इन्जीनियर इन्द्रदेव पाण्डे,सूर्य देव पाण्डे, इन्जीनियर दिव्यदेव पाण्डे, विश्व देव पाण्डे, नम्रता इन्फ्रा टेक्नोलॉजी डायरेक्टर अम्रत भारद्वाज, सहित बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है !

### आतिशबाजी के संबंध में निर्देश जारी

**करौली**, (निसं)। जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सैना ने बताया कि दीपावली, गोवर्धन एवं भाई दूज के त्योहारों के दौरान आम नागरिकों विशेष कर बच्चें एवं युवाओं द्वारा आतिशबाजी की जाती है जिसके कारण आम नागरिकों के अमन चैन मे बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने बताया कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध मे गृह विभाग राजस्थान जयपुर के अनुसार एनसीआर क्षेत्र को छोडते हुए संपूर्ण राजस्थान मे केवल ठाीन आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पेट्रोल पंप, सिनेमाहॉल, बस स्टैण्ड, अस्पताल, विद्यालय, न्यायालय परिसर, गैसगोदाम, मुख्य बाजारों आदि सार्वजनिक स्थलों पर आतिशबाजी व पटाखों का प्रयोग करने पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा एवं अन्य स्थानों पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक आतिशबाजी की जा सकेगी। उन्होने बताया कि यह आदेश 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2025 तक प्रभावी रहेगा। किसी व्यक्ति द्वारा उक्त आदेश की अवहेलना करने पर राजस्थान ध्वनि नियंत्रण नियम 1963 की धारा 6 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा तथा धारा 8 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

### बैठक आयोजित

**भरतपुर**, (निस)। युवा अग्रवाल महासभा, भरतपुर की ओर से इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली सेवा पहल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नई मंडी स्थित महासभा कार्यालय पर महासभा के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने की। बैठक में आगामी दीपावली सेवा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का सामठाी वितरण कार्यक्रम 17 अक्टूबर सुबह 9 बजे को स्वास्थ्य मंदिर, भरतपुर पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शहर के जरूरतमंद बच्चों और उनके परिवारों को दीपक, बत्ती, पटाखे, आटा, तेल, चीनी, मिठाई एवं आतिशबाजी आदि सामठाी वितरित की जाएगी, ताकि हर परिवार दीपावली का उत्सव खुशी और उजाले के साथ मना सके। अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि कोई भी परिवार दीपावली की रात अंधेरे में न रहे, हर घर में सेवा और स्नेह की रोशनी पहुँचे। बैठक में महामंत्री अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल, आशीष गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, मिलन अग्रवाल, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।